# बदलाव की रंगत

लगातार गहराते जल संकट व जलवायु परिवर्तन के घातक परिणामों के बीच धान का कटोरा माने जाने वाले हरियाणा में फसलों की विविधता के लिये राज्य सरकार के प्रयासों का किसानों ने सकारात्मक प्रतिसाद दिया है। दरअसल, जहां धान की फसल में ज्यादा मात्रा में पानी की खपत होती है, वहीं भूमि की उर्वरा शक्ति कम होती है। उसके बाद पराली संकट बड़ी चुनौती बन जाता है। पानी के आसन्न संकट को भांपते हुए हरियाणा सरकार ने धान की जगह मक्का व दलहन की खेती को प्रोत्साहन देने की योजना को मूर्त रूप दिया था। इसके अंतर्गत सात जिलों में पचास हजार हैक्टेयर क्षेत्र में वैकल्पिक खेती का लक्ष्य रखा गया था। बदलाव की इस मुहिम में हरियाणा का किसान देश व सरकार के साथ खड़ा नजर आया। किसान ने सोच बदली और धान की परंपरागत खेती छोड़कर मक्का, दलहन व तिलहन की फसल की ओर अग्रसर हुए। जिसका उत्साहवर्धक परिणाम यह है कि पहले ही प्रयास में राज्य में 40 हजार हैक्टेयर भूमि पर मक्का, दलहन व तिलहन की फसल बोई गई है। जिसके लिये नीति आयोग की बैठक में प्रधानमंत्री ने हरियाणा के प्रयासों को सराहा है। दरअसल, केंद्रीय भूजल बोर्ड की रिपोर्ट में बताया गया था कि हरियाणा के 76 प्रतिशत हिस्से में भूजल का स्तर गिर रहा है। इसके बाद राज्य सरकार ने मई में धान के वैकल्पिक खेती के लिये प्रयासों को अमलीजामा पहनाया। इससे पहले सरकार जल संकट से जूझने के लिए हरियाणा तालाब विकास प्राधिकरण का गठन कर चुकी है। हरियाणा सरकार की कोशिश थी कि प्रोत्साहन नीति के जरिये किसानों का परंपरागत खेती से मोह भंग कराया जाये। पिछले दिनों सरकार ने धान की फसल बदलने वाले किसान को प्रति एकड़ साढ़े चार हजार से पांच हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की थी।

दरअसल, सरकार को इस बात का अहसास था कि राज्य के सात जिलों करनाल, कुरुक्षेत्र, कैथल, सोनीपत, जींद, अंबाला एवं यमुनानगर आदि में जलस्तर तेजी से गिरा है। वहीं दक्षिण हरियाणा के कई जनपद डार्क जोन में हैं। सरकार ने सात जिलों में एक-एक ब्लॉक को वैकल्पिक फसलों के लिये चुना है। सरकार ने पचास हजार हैक्टेयर भूमि पर मक्का और अरहर की खेती का लक्ष्य रखा था। सरकार की प्रोत्साहन योजना में धान को छोड़कर मक्का व अरहर को अपनाने वाले किसानों को प्रति एकड़ के हिसाब से नकद राशि व मुफ्त बीज मिलेगा। किसानों को आश्वासन दिया गया है कि सरकार नई फसलों की खरीद की व्यवस्था करेगी। सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य न मिलने पर भरपाई भी करेगी। वहीं फसल बीमा योजना के तहत बीमे का प्रीमियम भी सरकार देगी। दरअसल, यह संकट केवल हरियाणा का ही नहीं है, पूरे देश का है। यदि समय रहते कोशिश न हुई तो देश की एक बड़ी आबादी पेयजल संकट से रूबरू होगी। मगर ऐसे गंभीर प्रयास पंजाब की तरफ से होते नजर नहीं आते। दरअसल, देश में किसान को वोट बैंक के नजरिये से देखा जाता है। दूसरे, बड़े राजनेता अपना काला धन सफेद करने को किसान बन जाते हैं। वे मुफ्त बिजली से लेकर तमाम सब्सिडियों का लाभ उठाते हैं। वहीं बदलाव की पहल को पलीता लगाते हैं। कमोबेश पंजाब में भी इसकी पुनरावृत्ति हुई है। पंजाब में सरकार की उदासीनता के साथ ही वैकल्पिक फसलों की बुवाई के प्रति किसानों ने भी कोई खासा उत्साह नहीं दिखाया है। उसके पीछे वह अर्थशास्त्र भी है, जिससे वे अपने कर्जों की मुक्ति की आस लगाये होते हैं, जिसमें घर व खेती की तात्कालिक देनदारियां भी शामिल हैं। इसके अलावा धान की आकर्षक एमएसपी तथा सुनिश्चित खरीदारी अतिरिक्त कारण है। लगातार गहराते जल संकट व रेतीली होती जमीन की आशंकाओं के बीच धान का विकल्प चुनना अपरिहार्य है। बढ़ते तापमान व बारिश की कमी ने स्थिति को विकट बनाया है।

# बिटकॉइन संबंधी ट्वीट करने वाले शीर्ष 5 देशों में भारत



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारत उन शीर्ष पांच देशों में शामिल है, जो बिटकॉइन और फेसबुक के आगामी लिब्रा क्रिप्टोकरेंसी के बारे में सबसे अधिक ट्वीट करते हैं। क्रिप्टो-ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म द टीआईई ने ट्वीट कर खुलासा किया कि अमेरिका ने बिटकॉइन और लिब्रा डिजिटल कॉइन के संदर्भ में ट्वीट्स करने में आगे है, जो (लिब्रा) 2020 में आने की उम्मीद है। अध्ययन में पाया गया कि ट्विटर पर बिटकॉइन के बारे में 38.9 प्रतिशत पोस्ट अमेरिका से थे, जबकि 10.5 प्रतिशत पोस्ट के साथ ब्रिटेन दूसरे स्थान पर रहा।

कनाडा, तुर्की, भारत और आस्ट्रेलिया अगले सबसे ज्यादा ट्वीट करने वाले देशों की फेहरिस्त में शामिल रहे। दिलचस्प बात यह है कि अमेरिका लिब्रा कॉइन के ट्वीट के संदर्भ में एक बड़े अनुपात का प्रतिनिधित्व करता है, जो बीटीसी के संदर्भ में 39.8 प्रतिशत की तुलना में 43.8 प्रतिशत है। बिटकॉइन के बारे में अमेरिका आमतौर पर अत्यधिक सकारात्मक है, जिसमें 61.5 प्रतिशत ट्वीट बिटकॉइन के पक्ष में हैं। दुनिया भर में औसतन 59.8 फीसदी बिटकॉइन ट्वीट सकारात्मक हैं।

कुल बिटकॉइन कन्वर्सेशन में कम से कम .5 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करने वाले देशों में, क्रिप्टो के बारे में बात करने वालों में पेरू औसतन सबसे सकारात्मक रहा है। इसके बाद मलेशिया, इंडोनेशिया, वियतनाम और इटली रहे। कुल बिटकॉइन ट्वीट का अमेरिका और ब्रिटेन लगभग 50 फीसदी प्रतिनिधित्व करते हैं। टीआईई ने ट्वीट किया, बिटकॉइन की तरह, लिब्रा के बारे में सबसे अधिक ट्वीट करने के मामले में ब्रिटेन दूसरे स्थान पर है। ब्रिटेन के बाद फ्रांस, कनाडा और आस्ट्रेलिया लिब्रा के बारे में सबसे ज्यादा ट्वीट करने वाले देश हैं। बिटकॉइन ट्रेडिंग सर्विस लोकलबिटकॉइन्स के आंकड़ों के अनुसार, भारत में बिटकॉइन की मांग वॉल्यूम के लिहाज से 82 से बढ़कर इस साल जून में 235 हो गई है।

# सरकार ने चालू वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को घटाकर 3.3 प्रतिशत किया



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सरकार ने चालू वित्त वर्ष 2019-20 के लिए राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को घटाकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 3.3 प्रतिशत कर दिया है। पहले इसके 3.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2019-20 का बजट पेश करते हुए कहा कि चालू वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को 3.3 प्रतिशत किया जा रहा है। सरकार ने फरवरी में 2019-20 का अंतरिम बजट पेश करते हुए राजकोषीय घाटा 3.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था।

# गेल का रिटायर होना क्रिकेट के लिए दुखदः दिन होगा : होप

**लीड्स (आरएनएस)।** वेस्टइंडीज के बल्लेबाज शाई होप का कहना है कि जिस दिन महान कैरेबियाई बल्लेबाज क्रिस गेल रिटायर होंगे, वह क्रिकेट के लिए काफी दुखदः दिन होगा। गुरुवार को गेल ने अपना अंतिम विश्व कप मुकाबला खेला। वेस्टइंडीज टीम ने अफगानिस्तान पर 23 रनों की जीत के साथ विश्व कप अभियान का जीत के साथ समापन किया।

होप ने मैच के बाद कहा, मेरी समझ से पूरी दुनिया उन्हें (गेल) मिस करेगी। वह क्रिकेट के लिए दुखदः दिन होगा। गेल ने कुछ दिन पहले कहा था कि भारत के साथ होने वाली घरेलू सीरीज उनकी आखिरी सीरीज होगी और इसके बाद वह इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। गेल सम्भवतः तीन अगस्त को अपना अंतिम मैच खेलेंगे। गेल ने वनडे सीरीज में खेलने की इच्छा जाहिर की है और साथ ही यह भी कहा है कि वह भारत के साथ होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज में भी खेलना चाहते हैं। यह सीरीज आईसीसी टेस्ट चैम्पियनशिप का हिस्सा होगी।

# पेट्रोलियम पदार्थों पर निर्भरता घटाने बजट में इलेक्ट्रिक वाहनों को कई तरह के प्रोत्साहन



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत की आयातित पेट्रोलियम पदार्थों पर बढ़ती निर्भरता को घटाने के लिए नरेन्द्र मोदी सरकार ने आम बजट में इलेक्ट्रिक वाहनों को विभिन्न तरह से प्रोत्साहन देने की घोषणा की है। इनमें इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने के लिए लिए गये कर्ज पर डेढ़ लाख रूपये तक के ब्याज पर अतिरिक्त आयकर कटौती का प्रस्ताव शामिल है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2019-20 के लिए लोकसभा में पेश आम बजट में इन उपायों की घोषणा की। उन्होंने कहा, '' हम ऐसे भारत की परिकल्पना करते हैं कि जो इलेक्ट्रिक वाहन में वैश्विक निर्माण केन्द्र बने।'' उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रानिक वाहनों की खरीद के लिए कर्ज की ब्याज अदायगी पर डेढ़ लाख रूपये तक के अतिरिक्ति आयकर कटौती का प्रस्ताव है। वित्त मंत्री ने देश में पेट्रोल एवं डीजल पर लागने वाले उपकर में एक-एक रूपये प्रति लीटर की वृद्धि की है। पेट्रोलियम उत्पादों के बढ़ते आयात को हतोत्साहित करने के परोक्ष उद्येश्य से ये कदम उठाए गए हैं। सरकारी सूत्रों के अनुसार भारत में अप्रैल मार्च 2018-19 के दौरान तेल आयात 140.47 अरब अमेरिकी डालर (9,83,147.76 करोड़ रूपये) था, जो इससे पिछले वर्ष की समान अवधि में 108.66 अरब अमेरिकी डालर (7,00320.81 करोड़ रूपये) था। डालर के लिहाज से तेल आयात में 29.27 प्रतिशत वृद्धि हुई थी।

# लगातार तीन हार का हम पर असर नहीं होगा : विटोरी



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान डेनियल विटोरी मानते हैं कि आईसीसी विश्व कप में लगातार तीन हार से उनकी टीम के सेमीफाइनल में प्रदर्शन पर विपरीत असर नहीं होगा। कीवी टीम सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। वह 10 टीमों की तालिका में चौथे स्थान पर रही। इस टीम ने शुरुआत तो काफी धमाकेदार किया था और शुरुआती छह में से पांच मैच जीते थे। उसका एक मैच बारिश में धुला था लेकिन इसके बाद उसे लगातार तीन मैचों में हार मिली। उसके खाते में कुल 11 अंक रहे। अच्छे नेट रन रेट ने उसे सेमीफाइनल में पहुंचा दिया है।

आईसीसी वेबसाइट पर लिखे अपने स्तम्भ में विटोरी ने लिखा, न्यूजीलैंड के नजरिए से लगातार तीन मैच हारना अच्छी बात नहीं लेकिन इससे मेरी नजर में टीम के आगे के प्रदर्शन पर कोई विपरीत असर नहीं होगा। मैं टीम के कुछ खिलाड़ियों को जानता हूं और मेरा विश्वास है कि यह टीम जीत की पटरी पर लौटते हुए खिताब तक पहुंचेगी। विटोरी ने कहा कि कीवी टीम में छह या सात खिलाड़ी ऐसे हैं, जो अपने दम पर मैच जिता सकते हैं और काफी सकरात्मक बात है। बकौल विटोरी, मैं जिन खिलाड़ियों को जानता हूं, उनमें से छह या सात ऐसे हैं, जो अपने दम पर मैच जिता सकते हैं। यह काफी रोचक बात है।

# पाकिस्तान लगभग बाहर, अब सिर्फ करिश्मे की उम्मीद

**लंदन (आरएनएस)।** पाकिस्तान की आईसीसी विश्वकप में अब उम्मीद केवल समीकरणों पर निर्भर रह गयी हैं और लार्ड्स में बंगलादेश के खिलाफ होने वाले आखिरी ग्रुप मुकाबले में उसे सेमीफाइनल की लगभग नामुमकिन सी बची उम्मीद के लिये किसी करिश्मे की ज़रूरत होगी।

न्यूजीलैंड की इंग्लैंड के हाथों बुधवार को हार के साथ पाकिस्तान का विश्वकप के सेमीफाइनल में पहुंचने का सपना लगभग टूट गया है। अब समीकरण के लिहाज से देखा जाए तो पाकिस्तान के सामने काफी विकट स्थिति है।

पाकिस्तानी टीम को 350 रन बनाने के बाद बंगलादेश को 311 रन से हराने, या 400 रन बनाकर बंगलादेश को 316 रन से हराने या 450 रन बनाकर बंगलादेश को 321 रन से हराने की स्थिति में ही वह सेमीफाइनल की उम्मीद कर सकता है वहीं एक अन्य स्थिति में तो यदि बंगलादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया तो पाकिस्तान बिना गेंद फेंके ही बाहर हो जाएगा।

# लोन और ओवरड्राफ्ट में महिलाओं का रखा खास ख्याल



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में शुक्रवार को वर्ष 2019-20 का आम बजट पेश करते हुये कहा कि गांव, गरीब और किसान मोदी सरकार के केन्द्र बिन्दु हैं और देश की अर्थव्यवस्था इसी वर्ष 30 खरब डॉलर की हो जायेगी। श्रीमती सीतारमण ने 49 वर्षों के बाद एक महिला वित्त मंत्री के रूप में अपना पहला आम बजट पेश करते हुये कहा कि वर्ष 2014 में देश की अर्थव्यवस्था 15 8 खरब डॉलर की थी जो वर्ष 2019 में बढ़कर 27 खरब डॉलर की हो गयी है और इसी वर्ष यह 30 खरब डॉलर की हो जायेगी। अगले कुछ वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था के 50 खरब डॉलर के बनने की उम्मीद जताते हुये उन्होंने कहा कि 55 वर्षों में यह 10 खरब डॉलर पर पहुंची थी। पिछले कुछ वर्षों में अर्थव्यवस्था के विकास में जबरदस्त तेजी आयी है।

नारी तू नारायणी कहते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करते हुए ऐलान किया कि जनधन खाताधारक महिलाओं को 5000 रुपये ओवरड्राफ्ट की सुविधा दी जाएगी, साथ ही महिलाओं के लिए अलग से एक लाखरुपये के मुद्रा लोन की व्यवस्था की जाएगी। 2014 में मोदी सरकार आने के बाद से ही जनधन योजना के तहत बैंक खाते खुलवाने का काम किया गया है। जिस महिला का जनधन खाता है, अगर उसके खाते में एक भी पैसा न हो तब भी वो उससे पैसे निकाल सकती है। अब तक महिलाएं अपने जनधन खाते से सिर्फ 2 हजार रुपये ही निकाल सकती थीं, जिसे बढ़ाकर अब 5 हजार रुपये कर दिया गया है. इसे ही ओवरड्राफ्ट की सुविधा कहा जाता है। उन्होंने सरकार की महिला योजनाएं नारी तू नारायणी पर आधारित होने का जिक्र करते हुये कहा कि स्वस्थ समाज की परिकल्पना के तहत आयुष्मान भारत, सुपोषित महिलाएं और बच्चे और नागरिकों की सुरक्षा को अहम स्थान दिया गया है। 2022 तक हर घर को गैस और बिजली का कनैक्शन दिये जाने का वादा करते हुये उन्होंने कहा कि 2024 तक हर घर जल का लक्ष्य हासिल किया जायेगा। स्वच्छ भारत मिशन के अगले चरण में हर गाँव में ठोस कचरा प्रबंधन का लक्ष्य रखा गया है। हर जिले में महिला स्वयं सहायता समूहों का गठन किया जायेगा।

# आज का राशिफल

**मेषः-** घर के बाहर के खाने से बचें। ऑफिस मे अपने विरोधी के षड्यंत्र से सावधान रहें। आज खर्च भी ज्यादा होगा। घर के छोटे सदस्यों के साथ अधिक वक्त बिताएं। उन्हें आपके सपोर्ट की बेहद जरूरत है।

**वृषभः-** आज का दिन शुभ है। अपने प्रेमी से आज मिलन होगा। दिनभर उत्साह बना रहेगा। कुछ असमंजस के कारण मुनाफे के रास्ते में अड़चन आ सकती है। अनुभवी से सलाह लेने पर मामला सुलझ सकता है।

**मिथुनः-** आज का दिन थोड़ा सावधानी से चलने का है। आसपास के लोगों से बहसबाजी में न उलझें कहासुनी हो सकती है। किसी शुभ मांगलिक कार्य में जाने का मौका मिलेगा। दूसरों की मदद से दिल को सकून मिलेगा।

**कर्कः-** आपके लिए आज का दिन सामान्य रिजल्ट देने वाला होगा। ईमानदारी से बनाए गए रिश्ते लंबे समय तक आपका साथ निभाएंगे। कुछ लोगों की किस्मत आज चमक सकती है।

**सिंहः-** आज का दिन काफी बिजी रहेगा। मेहनत के बाद उसका फल मिल जाएगा। अपने पार्टनर के साथ शाम का स्पेशल प्रोग्राम कामयाब होगा। इज्जत बढ़ेगी और अचानक घूमने-फिरने से कोई फायदा हो सकता है।

**कन्याः-** आज का दिन खुशगवार बीतेगा। लाभ के मौके मिलेंगे। किसी असरदार शख्स पर पैसा खर्च होगा। जीवन की दिशा नया मोड़ लेगी। यात्रा होगी और जायदाद के कागजों में दस्तावेजों के प्रति सजग रहें।

**तुलाः-** आपके लिए आज का दिन एक्टिव है। पैसे की परेशानियां सुलझ जाएंगी। हेल्थ से जुड़ी परेशानियां हल हो जाएंगी। किसी खास व्यक्ति से परिचय होगा और बिजनस में फायदा पहुंचेगा। किसी खास चीज के गुम होने का दुख हो सकता है।

**वृश्चिकः-** थोड़ी सी मेहनत से ही सम्मान मिलेगा। अच्छे व्यवहार से नए दोस्त बनेंगे और नए प्रोजेक्ट पर काम भी शुरू हो जाएगा। ऑफिस में खास परिवर्तन होंगे व काम भी बनते नज़र आएंगे।

**धनुः-** आज का दिन आपके लिए अच्छा है। राजनीतिक गतिविधियां बढ़ेंगी। किसी अनुभवी व्यक्ति से लाभ उठाएं लेकिन उस पर धन खर्च होगा। जीवन की दिशा नया मोड़ लेगी। प्रॉपर्टी के मामले हल होंगे।

**मकरः-** छोटे-मोटे झगड़े दिन के पहले हिस्से में सिर उठाएंगे लेकिन आपकी सूझबूझ से जल्द ही निपट जाएंगे। बढ़ते खर्च पर लगाम

# भुट्टा की पकौड़ी बनाने की विधि ...



बारिश का मौसम शुरू हो गया हैं। इस रिमझिम बारिश में स्वादिष्ट चटपटा खाने का मजा ही कुछ और होता है। क्योकि ये मौसम होता ही ऐसा है कि सभी का दिल चटपटा खाने के लिये ललायित रहता है। और ऐसे में यदि कुछ स्वादिष्ट चटपटेदार पकौडे मिल जाये तो फिर क्या कहने का।

## आवश्यक सामग्री :

भुट्टे 4-5 ताजे नर्म, एक कप बेसन, 1 शिमला मिर्च, 1 प्याज, आधा कप पत्ता गोभी (सब बारीक कटे हुए), 1 टी स्पून अदरक हरी मिर्च का पेस्ट, 1 टी स्पून चिली सॉस, 2 टी स्पून सोया सॉस, स्वादानुसार नमक और तेल (तलने के लिए)।

## विधि :

भुट्टा पकोड़ी बनने के लिए सबसे पहले भुट्टे को कद्दूकस कर लें।

-इसके बाद इसमें बारीक कटी सब्जियां, दोनों तरह के सॉस, नमक, अदरक व हरी मिर्च पेस्ट डालकर अच्छे से मिला लें और थोड़ा गाढ़ा घोल तैयार कर लें। -फिर एक कड़ाही में तेल गर्म करें। -इसमें भुट्टे के मिश्रण के पकोड़े मध्यम आंच पर सुनहरे होने तक तल लें। -अब पेपर पर अतिरिक्त तेल निकालने के लिए रखें। -अब अपने इस मनभावन भुट्?टा पकौड़ी को टोमॅटो सॉस या ही चटनी के साथ गरमा-गरम सर्व करें। रिमझिम बारिश के साथ इसका मजा दुगुना करें।


# शब्द सामर्थ्य- 16

**बाएं से दाएं**

1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

**ऊपर से नीचे**

1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. श्रृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 15 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मै | दा | न | | स | र | ग | म | |
| त्री | | सी | | | क्षा | | धु | र्रा |
| | सा | ह | स | | | | र | |
| स्वा | ग | त | | स | म | झौ | ता | |
| व | र | | | र | | | | म |
| लं | | वि | ला | स | | | दा | म |
| बी | न | | ज | | सा | मा | न | ता |
| | ज | | वा | हि | या | त | | |
| त | र | की | ब | | ना | | खा | ली |

# सू-दोकू- 16

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.15 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |